7903(e)
14/11/2026

पथ निर्माण विभाग

दिनांक 13/11/2026 को सम्पन्न परिवाद समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, लखीसराय अन्तर्गत पथ आस्तियों के अनुरक्षण हेतु दीर्घकालीन निष्पादन और उपलब्धि आधारित पथ आस्तियाँ अनुरक्षण संविदा (Long Term Output & Performance Based Road Assets Maintenance Contract) Package No.-31B/OPRMC-III for the year 2026-33 कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद पर विभागीय पत्रांक–2217(E) दिनांक–01.04.2026, पत्रांक–2360(E) दिनांक–09.04.2026 एवं पत्रांक–5625(E) दिनांक–17.08.2026 द्वारा गठित समिति की बैठक की कार्यवाही।

उपस्थितिः

(i) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री अनिल बसाक, संयुक्त सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री राजेश कुमार गुप्ता, मुख्य अभियंता, संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री संजय कुमार भारती, मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–04.11.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही, जो उपभागीय ज्ञापांक–3755 दिनांक–04.11.2026 द्वारा संसूचित है, में लिये गये निर्णय के विरूद्ध प्राप्त परिवाद पर मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–3899(अनु०) दिनांक–12.11.2026 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–12.11.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

2.1	कार्य का नाम एवं पैकेज संख्या	:	पथ आस्तियों के अनुरक्षण हेतु दीर्घकालीन निष्पादन और उपलब्धि आधारित पथ आस्तियाँ अनुरक्षण संविदा (Long Term Output & Performance Based Road Assets Maintenance Contract) Package No.-31B/OPRMC-III for the year 2026-33
2.2	योजना मद	:	3054
2.3	निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम	:	पथ प्रमंडल, लखीसराय।
2.4	प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	:	₹8460.62 लाख। विभागीय ज्ञापांक–3247(एस०) दिनांक–12.05.2026
2.5	तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	:	₹9597.92000 लाख। मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक–1684 दिनांक–22.05.2026
2.6	ECV/परिमाण विपत्र की राशि	:	₹8330.81006 लाख।
2.7	कार्य समाप्ति की अवधि	:	84 (Eighty-four) Months.
2.8	निविदा की प्रक्रिया	:	ई–टेंडरिंग (MBD)
2.9	निविदा प्राप्ति की तिथि	:	26.09.2026

2.10 प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण : पुनर्निविदा है। पूर्व के निविदा के तकनीकी बीड में एक निविदाकार के सफल होने के कारण विभागीय ज्ञापांक–5859 दिनांक–24.08.2026 के आलोक में पुनर्निविदा की गयी।

3. विषयांकित पुनर्निविदा में निम्नलिखित 04 (चार) संवेदकों द्वारा भाग लिया गया :–

(1) M/s Ashok & Co. Nivas Pvt. Ltd.
(2) M/s Balkrishna Bhalotia Construction Pvt. Ltd.
(3) NEPL-AVIAN (JV)
(4) M/s Ramjee Singh Construction Pvt. Ltd.

4. दिनांक–04.11.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति में भाग लेने वाले 04 (चार) निविदाकारों में से 03 (तीन) निविदाकार यथा (1) NEPL-AVIAN (JV) को NIT की कंडिका–23 तथा MBD Section-1 ITB के कंडिका–4.2 के तहत (2) M/s Ashok & Co. Niwas Pvt. Ltd को MBD Section-3, Clause-2.6 के तहत एवं (3) M/s Ramjee Singh Construction Pvt. Ltd. को MBD Section-3, Clause-2.6 के तहत निविदा की वांछित न्यूनतम अहर्त्ता पूर्ण नहीं करने के कारण तकनीकी बीड में असफल तथा शेष 01 (एक) निविदाकार यथा (1) M/s. Balkrishna Bhalotia Construction Pvt. Ltd. को तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया गया था।

5. उपभागीय ज्ञापांक–3755 दिनांक–04.11.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–04.11.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की निर्णय के विरूद्ध विषयांकित कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा (1) M/s Ramjee Singh Construction Pvt. Ltd. के पत्रांक–शून्य दिनांक–05.11.2026 द्वारा परिवाद/अभ्यावेदन/आपत्ति समर्पित किये जाने के परिप्रेक्ष्य में मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–3898(अनु०) दिनांक–12.11.2026 द्वारा परिवाद पर दिनांक–12.11.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही एवं अनुशंसा समर्पित की गई है।

6. **<u>परिवाद</u>** :– उपरोक्त तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा (1) M/s Ramjee Singh Construction Pvt. Ltd. का परिवाद अभ्यावेदन ई–मेल के माध्यम से पत्रांक–शून्य दिनांक–05.11.2026 के विषयांकित कार्य के तकनीकी बीड मूल्यांकन पर प्राप्त परिवाद एवं इसकी समीक्षा निम्नवत् है :–

क्रं० सं०	परिवादी निविदाकार का नाम	परिवाद के बिन्दु	तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय/अनुशंसा	परिवाद समिति की अनुशंसा
1.	Ramjee Singh Construction Pvt. Ltd.	विभागीय सूचना के माध्यम से संज्ञान में आया है कि तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा समर्पित हॉट मिक्स प्लांट (Hot	निविदाकार द्वारा न्यूनतम ₹1000.00 के Non-Judicial Stamp	MBD के Section-3, Clause-2.6

		Mix Plant-40-60TPH) के स्वामित्व प्रमाण (Sale Deed) के स्टाम्प मूल्य (₹20 का नॉन–ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर) को आधार बनाकर हमारी तकनीकी बिड को अयोग्य (Non-Responsive) घोषित किया गया है। इस निर्णय के विरूद्ध हम निम्नलिखित सुस्पष्ट विधिक एवं तकनीकी तथ्यों के आधार पर अपनी औपचारिक आपत्ति दर्ज करते है: **हमारी आपत्ति के प्रमुख आधार एवं विधिक तथ्य:** **1. संयंत्र का वास्तविक क्रय वर्ष 2024 में (टेंडर से लगभग 2 वर्ष पूर्व) संपन्न होना:** o उक्त हॉट मिक्स प्लांट हमारी कम्पनी द्वारा मई 2024 में ही पूर्ण एवं वैध व्यवसायिक प्रक्रिया के तहत खरीदा गया था। o इसका विक्रय विलेख दिनांक–03.05.2024 (नोटरी प्रमाणित दिनांक–04.05.2024) तथा अधिकृत टैक्स इनवॉयस (चालान सं0–01/2024–25, दिनांक–06.05.2024) पूर्व से निष्पादित है। o वर्तमान निविदा वर्ष 2026 की है। अतः यह खरीद निविदा प्रकाशन से लगभग 2 वर्ष पूर्व एक सामान्य व्यवसायिक प्रक्रिया के तहत हुई थी। यह तथ्य अकाट्य रूप से प्रमाणित करता है कि यह दस्तावेज निविदा के लिए तैयार किया गया कोई कृत्रिम दस्तावेज नहीं, बल्कि फर्म की वास्तविक	Paper पर Sale Deed दिया जाना था, जबकि उनके द्वारा ₹20.00 के Non-judicial stamp पर Sale deed upload किया गया है, साथ ही Hot Mix Plant का स्वामित्व स्थापित करने हेतु निविदाकार द्वारा GSTR-2B परिवाद के साथ प्रस्तुत नहीं किया गया है। अतः परिवाद में उल्लेखित बिन्दु मान्य नही है।	के आलोक में निविदाकार को कम से कम एक HMP (40-60 tonne/hr capacity) के Ownership से संबंधित supportive document निविदा के साथ संलग्न करना है। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से स्पष्ट है कि M/s Ramjee Singh Construction Pvt. Ltd. द्वारा HMP के Ownership से संबंधित उचित supportive document इस निविदा में संलग्न नहीं किया गया है।

		एवं स्थापित परिसंपत्ति है। **2. पारदर्शी बैंकिग भुगतान एवं वास्तविक स्वामित्व (Bonafide Ownership):** o संयंत्र का कुल प्रतिफल मूल्य ₹23,60,000/- (जीएसटी सहित) विक्रेता को बैंकिग माध्यम (RTGS) द्वारा चार किस्तों में दिनांक–23/04/2024, 24/04/2024, 26/04/ 2024 एवं 29/04/2024) पूर्णतः चुकता किया जा चुका है। विक्रेता द्वारा स्वामित्व एवं भौतिक दखल हमारी कंपनी को हस्तांतरित किया जा चुका है। **3. निविदा शर्त्तो में चल संपत्ति (Movable Property) के विक्रय–पत्र हेतु किसी विशिष्ट स्टाम्प मूल्य का निर्धारण न होना:** o MBD 2026 में केवल शपथ–पत्र (₹25 का एडवोकेट वेलफेयर स्टाम्प) तथा पावर ऑफ अटॉर्नी (₹1,000 स्टाम्प) हेतु विशिष्ट मूल्य तय है। o क्लॉज 2.6 अथवा टेंडर के किसी भी अन्य क्लॉज में हॉट मिक्स प्लांट जैसी चल संपत्ति (Movable Asset/Machinery) के क्रय–विक्रय पत्र हेतु किसी विशिष्ट मूल्य के स्टाम्प पेपर की कोई पूर्व–शर्त्त या बाध्यता निर्धारित नहीं की गई है। o भारतीय स्टाम्प अधिनियम के तहत चल संपत्ति की भांति		परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है।

		अनिवार्य निबंधन या एड–वालोरेम शुल्क के अधीन नहीं आता। यदि स्टाम्प शुल्क में कोई तकनीकी न्यूनता मानी भी जाए, तो वह विधि अनुसार एक उपचारात्मक त्रुटि (Curable Defect) है, जिसके आधार पर वास्तविक स्वामित्व एवं तकनीकी क्षमता को सीधे खारिज नहीं किया जा सकता। **4. तकनीकी विनिर्देश एवं आयु सीमा का पूर्ण अनुपालन (Substantive Compliance):** o क्रय किया गया संयंत्र निर्धारित क्षमता (40-60TPH) के पूर्णतः अनुकूल है। o मशीन का निर्माण 2019 का होने के कारण यह निविदा द्वारा निर्धारित 15 वर्ष की आयु सीमा में भी शत–प्रतिशत अनुकूल है। **5. MBD 2026 के ITB क्लॉज 25 (Non-material Non-conformities):** o ITB क्लॉज 24.2 के अनुसार हमारी बीड "Substantially Responsive" है क्योंकि इसमें कोई ऐसा Material Deviation नहीं है जो कार्य के संपादन, गुणवत्ता अथवा वित्तीय दायित्वों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले। o ITB क्लॉज 25.1 एवं 22 के तहत यदि दस्तावेजीकरण में कोई प्रक्रियात्मक त्रुटि थी, तो विभाग को स्पष्टीकरण (Clarification) का अवसर देना चाहिए था। बिना		

		अवसर दिए सीधे अयोग्य घोषित करना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है। **6. विहित 2–दिवसीय समय–सीमा का अनुपालनः** o पथ निर्माणविभाग, बिहार के ज्ञापांक सं0 5355(S), दिनांक 28.10.2021 के निर्देशानुसार, तकनीकी बिड अनुमोदन के 2 दिनों (48 घंटे) के भीतर यह आपत्ति पत्र सक्षम प्राधिकार के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।		

7. <u>परिवाद की समीक्षा एवं तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा :–</u>

समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त दिनांक–04.11.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय को यथावत् रखने की अनुशंसा की जाती है।

8. परिवाद समिति का निर्णय :–

(i) विषयांकित कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा M/s Ramjee Singh Construction Pvt. Ltd. के पत्रांक–शून्य दिनांक–05.11.2026 द्वारा दिए गए परिवाद/आपत्ति को अमान्य करने का निर्णय लिया जाता हैं।

(ii) 03 (तीन) निविदाकार यथा (1) NEPL-AVIAN (JV) को NIT की कंडिका–23 तथा MBD Section-1 ITB के कंडिका–4.2 के तहत (2) M/s Ashok & Co. Niwas Pvt. Ltd को MBD Section-3, Clause-2.6 के तहत एवं (3) M/s Ramjee Singh Construction Pvt. Ltd. को MBD Section-3, Clause-2.6 के तहत निविदा की वांछित न्यूनतम अहर्त्ता पूर्ण नहीं करने के कारण तकनीकी बीड में असफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

(iii) शेष 01 (एक) निविदाकार यथा M/s Balkrishna Bhalotia Construction Pvt. Ltd. को तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है। तकनीकी बीड में सफल निविदाकार का वित्तीय बीड खोलने का निदेश मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दिया जाता है।

(iv) उपभागीय ज्ञापांक–3755 दिनांक–04.11.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–04.11.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय को यथावत् रखा जाय।

(v) मुख्य अभियंता, दक्षिण संबंधित परिवादी बीडर को समिति के निर्णय से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

8.1 परिवाद समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

13/11/2026

(संजय कुमार भारती)
मुख्य अभियंता,
दक्षिण, पथ निर्माण
विभाग, बिहार, पटना।

13/11/26

(राजेश कुमार गुप्ता)
मुख्य अभियंता, संविदा
प्रबंधन, नीतिगत मामले
एवं लेखा परीक्षा,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

13/11/26

(अनिल बसाक)
संयुक्त सचिव,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

13/11/26

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर
आयुक्त–सह–विशेष सचिव
(कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक 14/11/2026

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–70/2026 7903 (e)

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता(अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13/11/26

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।